सं. डी.I-13/2024-स्था.(सिविल)
केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल
गृह मंत्रालय (भारत सरकार)

ब्लॉक नं.1, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली-03.

दिनांक 23 जुलाई 2024

विषय:- <u>के०रि०पु०बल में प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप निरीक्षक/सिविल (योद्धक) के पद को भरना।</u>

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, गृह मंत्रालय,प्रतिनियुक्ति के आधार पर उप निरीक्षक/सिविल(योद्धक)के 18 (अठारह)रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरना चाहता है।

2. यह पद योद्धक हैं और के०रि०पु०बल अधिनियम-1949 और नियम-1955 के के अधीन शासित है। चयनित कार्मिक भारत में कहीं भी सेवा करने के लिए उत्तरदायी होंगे ।

3. इच्छुक और योग्य अधिकारियों/कार्मिकों के नामांकन उनके पूरे सेवा विवरण दर्शाते हुए बायोडाटा, पिछले 5 वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट की फोटोकॉपी,प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत सत्यापित, सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र और परिशिष्ट "ए" में संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार सतर्कता क्लीयरेंस प्रमाण-पत्र के साथ उचित माध्यम से भेजे जाएं जो इस परिपत्र के जारी होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर उप महानिरीक्षक(स्थापना), महानिदेशालय, के०रि०पु०बल, ब्लॉक नंबर-1, केंद्रीय कार्यालय परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को प्राप्त हो जाएं। पात्रता के मानदंड निम्नानुसार हैं:-

**<u>उप निरीक्षक/सिविल (योद्धक) (वेतन मैट्रिक्स लेवल-6 में रु. 35400-112400)।</u>**

**वर्गीकरण:-सामान्य केंद्रीय सेवा,संमूह 'बी' अराजपत्रित,गैर-अनुसचिवीय(योद्धक)**

केन्द्र सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों के ऐसे अधिकारियों/कार्मिकों में से:

(क) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; और

जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; और

(ख) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता,अनुभव और चिकित्सा मानक रखने वाले हों :-

i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान या विश्वविद्यालय या समकक्ष से सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा के साथ इंटरमीडिएट।

ii) चिकित्सा श्रेणी शेप-1 "SHAPE-I" होनी चाहिए।

**वांछनीय:**

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान या विश्वविद्यालय या समकक्ष संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री धारकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ग) फीडर श्रेणियों में विभागीय उम्मीदवार, जो पदोन्नति के समीप हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे। इसी तरह, प्रतिनियुक्ति पर आए कार्मिकों को पदोन्नति पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

घ) **प्रतिनियुक्ति की अवधि :** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

च) <u>प्रतिनियुक्ति की शर्तें</u> : केंद्र सरकार के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17/06/2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था. (वेतन-II), दिनांक 17/02/2016

→

के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2/6/2016-स्था. (वेतन-II) तथा समय-समय पर यथा संशोधित शर्तों के अधीन शासित होगी।

छ) आयु सीमा : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की तारीख को छप्पन (56) वर्ष से अधिक नहीं होगी।

ह०/-23-07-2024

(बी.एस. शर्मा)

उप महानिरीक्षक(स्था.)

परिशिष्ट- ए

## बायोडाटा प्रोफार्मा

(के०गि०पु०वल में ...................................के पद के लिए आवेदन हेतु)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम और पता (बड़े अक्षरों में) | |
| 2 | जन्म तिथि (ईसवी सन् में) | |
| 3 | केन्द्र/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृति की तिथि। | |
| 4 | शैक्षिक योग्यताएं | |
| 5 | क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी करते हैं। (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समतुल्य माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकार बताएं) | |
| | **आवश्यक योग्यता/अनुभव** | **अधिकारी के पास उपलब्ध योग्यता/ अनुभव** |
| | | |
| | | |
| | | |
| 6 | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आपके द्वारा उपरोक्त की गई प्रविष्टियों के आधार पर क्या आप उस पद की योग्यता पूरी करते हैं। | |

7 वर्तमान रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें।

| कार्यालय/ संस्थान | धारित पद | कब से | कब तक | मूल वेतन एवं वेतनमान | कार्यों की प्रकृति (विस्तार से बताएं) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

( नियमित आधार पर धारित पद पर मूल वेतन)

| | | |
|---|---|---|
| 8 | वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थाई या अर्ध-स्थाई या स्थाई | |
| 9 | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति / अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया बताएं- | |
| | क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | |
| | ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि। | |
| | ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिसमे आप संबंधित हैं। | |
| 10 | वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण | |
| | कृपया बताएं कि आप किसके अधीन काम कर रहे हैं ( संबंधित कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम बताएं) | |

| | | |
|---|---|---|
| | क) केन्द्र सरकार | |
| | ख) राज्य सरकार | |
| | ग) स्वायत्त संगठन | |
| | घ) सरकारी उपक्रम | |
| | ई) अन्य | |
| 11 | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो संशोधन की तिथि बताएँ तथा संशोधन-पूर्व वेतनमान भी बताएँ। | |
| 12 | वर्तमान में प्रतिमाह प्राप्त कुल परिलब्धियां | |
| 13 | अन्य जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में बताना चाहेंगे। | |
| 14 | क्या आप अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं। | |
| 15 | टिप्पणी | |

मैंने रिक्ति संबंधी परिपत्र / विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं अच्छी तरह जानता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा समर्थित बायोडाटा का पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी मूल्यांकन किया जाएगा।

स्थान :

दिनांक :

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता ..............................

.....................................

.....................................

**नियोक्ता कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र।**

1. प्रमाणित किया जाता है कि श्री ...................................... द्वारा प्रस्तुत विवरण सत्य हैं और उनके पास आपके पत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव हैं।
2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उनके विरुद्ध कोई सतर्कता/ अनुशासनात्मक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।
3. उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

4. श्री .................................... को पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई बड़ा या लघु दंड नहीं दिया गया है।

5. उपरोक्त कार्मिक के वर्ष 2019-2020 से 2023-2024 तक की गोपनीय रिपोर्ट डोजियर विधिवत सत्यापित करके संलग्न किए गए हैं।

स्थान :

दिनांक :

हस्ताक्षर

मोहर सहित नाम और पदनाम

CBC 19140/11/0005/2425